भीगते हुए बारिश में पकड़ी ट्रेनें अब ठंड का वार झेलेंगे यात्री

सूबेदारगंज स्टेशन के प्लेटफॉर्म चार-पांच के बड़े हिस्से में यात्री शेड नहीं हैं। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

प्रयागराज। प्रयागराज जंक्शन और सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्मों पर पर्याप्त शेड नहीं होने से रेल यात्री ठंड का भी वार झेलेंगे। जंक्शन के प्लेटफॉर्म-चार, पांच, छह, सात, आठ और नौ-10 पर टुकड़ों में बने शेड नाकाफी साबित हो रहे हैं।

बारिश में जो यात्री सामान और बच्चों को बचाने के लिए जद्दोजहद करते दिखे थे वे अब आने वाले दिनों में गिरते तापमान में परेशान होंगे। कमोबेश ऐसी ही स्थिति सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन की है।

इसे जंक्शन का बोझ कम करने के लिए विकसित तो किया गया लेकिन सुविधाओं के मामले में यह अधूरा है। स्टेशन के प्लेटफॉर्म-चार-पांच का अधिकांश हिस्सा बिना शेड के है। प्लेटफॉर्म पर गाड़ियों के आने से काफी समय पहले पहुंचे यात्री शेड के नीचे थोड़ी सी जगह पाने के लिए आपाधापी करते नजर आते हैं।

प्रयागराज जंक्शन के पांच प्लेटफॉर्मों पर छोटे शेड यात्रियों के लिए बने मुसीबत

प्रयागराज के जंक्शन का कार्य प्रगति पर है। यहां कॉनकोर्स का कार्य किया जाना है। इसके लिए इन शेडों को अस्थायी रूप से हटाया गया। कार्य पूरा होने के बाद स्थायी रूप से लगा दिया जाएगा। - अमित कुमार सिंह, पीआरओ, प्रयागराज मंडल

केपी कॉलेज ग्राउंड में आज से शुरू होगा तीन दिवसीय मोबिलिटी ऑटोमोबाइल एक्सपो-2.0

कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी करेंगे एक्सपो का शुभारंभ

MOBILITY X 2.0 AUTOMOBILE EXPO PRAYAGRAJ 02 03 04 OCT 2026 के. पी कॉलेज ग्राउंड 2:00 PM TO 10:00 PM

अमर उजाला ब्यूरो

प्रयागराज। केपी कॉलेज ग्राउंड में तीन दिवसीय मोबिलिटी ऑटोमोबाइल एक्सपो-2.0 का शुभारंभ शुक्रवार शाम कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी करेंगे। एक्सपो में लोगों को एक ही छत के नीचे विभिन्न नामी कंपनियों के वाहन देखने को मिलेंगे।

एक्सपो में हीरो मोटोकार्प, बजाज और मारुति जैसी वाहन कंपनियां शामिल होंगी। हुंडई, टाटा मोटर्स, होंडा टू व्हीलर और किया मोटर्स भी अपने नवीनतम मॉडल प्रदर्शित करेंगी। हार्ले-डेविडसन, रॉयल इनफील्ड और सुजुकी एके बाइक्स जैसे प्रीमियम ब्रांड भी मौजूद रहेंगे। टोयोटा, महिंद्रा, फोर्स मोटर्स, चेतक और मारुति नेक्सा के नए वाहन भी उपलब्ध होंगे। यहां ग्राहकों को एक्सचेंज ऑफर, फाइनेंस स्कीम और लोन कैंप जैसी विशेष सुविधाएं मिलेंगी।

आकर्षक डिस्काउंट और गिफ्ट भी ग्राहकों को दिए जाएंगे। जीएसटी कम होने के बाद के फायदों की विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध होगी। एक्सपो में लकी ड्रॉ भी होगा।

आयोजनकर्ता और अन्य आकर्षण

एक्सपो का आयोजन आरडी एडवरटाइजिंग की ओर से किया जा रहा है। अमर उजाला आयोजन का मीडिया पार्टनर है, जबकि इलाहाबाद ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन सहयोग कर रहा है। इजमाई ट्रिप ट्रैवल पार्टनर, गिफ्ट पार्टनर ओरियंट हैं। एक्सपो में बच्चों के लिए किड्स जोन और हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मुख्य आकर्षण होंगे।

एक्सपो के साथ त्योहारों की खुशियां अब और भी खास होगी। यहां प्रमुख कंपनियों के दोपहिया और चारपहिया वाहन शामिल होंगे। - अनुज गुप्ता, स्पीड ऑटोमोटिव फोर्स

शोरूम ना जाकर एक्सपो में एक ही जगह पर दो पहिया और चार पहिया वाहन देख सकते है और बुक करा सकते हैं। अपने बजट के हिसाब से यहां सही वाहन चुनने में आसानी होगी। - धीरेंद्र श्रीवास्तव, जनरल मैनेजर, सरस्वती हीरो

त्योहारों के पहले लगने वाले एक्सपो में लोग पसंदीदा कार बुक करा सकते हैं। यहां ग्राहकों को एक्सचेंज ऑफर, फाइनेंस स्कीम और लोन कैंप जैसी विशेष सुविधाएं मिलेंगी। - उत्कर्ष कोहली सुपर्ब टाटा

करंट की चपेट में आने से राजमिस्त्री की मौत

बारा। कौशाम्बी के इटैला गांव निवासी रामचंद्र (38) की प्रयागराज के खुल्दाबाद में करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। वह प्रयागराज में रहकर राजमिस्त्री का काम करते थे। मंगलवार को काम के दौरान अचानक करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई ज्ञानचंद ने बताया कि रामचंद्र 29 सितंबर को काम करने के लिए गया था। इसी दौरान हादसा हो गया। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। प्रयागराज पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद बुधवार को परिजनों को सौंप दिया। शव गांव पहुंचने पर परिवार में चीख-पुकार मच गई। संवाद

राम वाटिका में चौकियों का रंग रोगन और मंच का निर्माण तेज

श्री कटरा रामलीला : कार्यक्रमों को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की तैयारी

चौकी के लिए कृत्रिम हाथी की साफ-सफाई में लगा कारीगर। अमर उजाला

प्रयागराज। श्री कटरा रामलीला कमेटी परिसर में दशहरा उत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं।

राम वाटिका परिसर में होने वाले धार्मिक आयोजनों को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए कारीगर दिन-रात जुटे हुए हैं। लंकापति रावण की शोभायात्रा से पहले हाथी, चांदी के हौदे, भगवान विष्णु की चौकी, भगवान गणेश की चौकी समेत अन्य चौकियों की साफ-सफाई और रंग-रोगन का काम तेजी से चल रहा है।

मंचन के लिए भव्य मंच तैयार किया जा रहा है। आयोजन स्थल पर धार्मिक वातावरण के साथ दर्शकों की सुविधा और कार्यक्रमों को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की तैयारियां भी की जा रही हैं।

कमेटी के अध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने बताया कि दशहरा उत्सव से जुड़े सभी प्रमुख कार्य समय से पूरे कर लिए जाएंगे। मीडिया प्रभारी पवन प्रजापति ने बताया कि रामलीला का मंचन भव्य और दिव्य स्वरूप में कराया जाएगा। कलाकारों और आयोजन से जुड़े लोगों की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं। ब्यूरो

कार्यक्रम पुस्तिका का विमोचन

प्रयागराज। श्री कटरा रामलीला कमेटी की ओर से आगामी दशहरा एवं रामलीला मंचन की कार्यक्रम पुस्तिका का विमोचन किया गया। अध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता और महामंत्री उमेश चंद्र केसरवानी ने बताया कि इस बार रामलीला का मंचन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त निर्देशक अतुल यदुवंशी के निर्देशन में 'गाथा राम की' के रूप में होगा। इसमें बुंदेलखंड छत्रसाल अखाड़ा की ओर से मार्शल आर्ट आधारित अखाड़ा नृत्य, राजकुमार रैकवार के नेतृत्व में श्री कृष्ण लोक संस्कृति विकास संस्थान की बधाई लोकनृत्य और मनीष यादव के नेतृत्व में रांची के नवयुवक संस्थान का छऊ नृत्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। छऊ की प्रस्तुति सृष्टिधर महतो के निर्देशन में होगी। इस दौरान उपाध्यक्ष विनोद चंद्र केसरवानी, आनंद अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, मंत्री शिव बाबू गुप्ता, महेश चंद्र गुप्ता, विपुल मित्तल, दिलीप चौरसिया, पवन प्रजापति रहे। ब्यूरो

षड्यंत्र व आघात से सावधान रहें हिंदू : स्वामी निश्चलानंद



स्वामी निश्चलानंद।

झूंसी। गोवर्धन मठ पुरी, ओडिशा के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि हिंदुओं को अपने ऊपर होने वाले आघातों और षड्यंत्रों के प्रति जागरूक होना होगा।

राष्ट्रहित की भावना के साथ सनातन मान बिंदुओं की रक्षा के लिए प्रत्येक हिंदू को अपनी भूमिका तय करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सवा घंटे भजन-आराधना का प्रयास करें। यदि समय का अभाव हो तो 24 घंटे में कम से कम 24 मिनट पूजा-आराधना के लिए जरूर निकालें।

शंकराचार्य ने बृहस्पतिवार को झूंसी स्थित शिवगंगा आश्रम केंद्र में अपने दस दिवसीय प्रवास के दौरान जिज्ञासुओं के आध्यात्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय विषयों से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हिंदुओं को तटस्थ होकर परिस्थितियों को नहीं देखना चाहिए। उनके अनुसार, सनातन सिद्धांतों के अनुरूप शासन व्यवस्था स्थापित करने और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए।

उन्होंने दावा किया कि देश पर ईसाई तंत्र, कम्युनिस्ट तंत्र और मुस्लिम तंत्र का प्रभाव है। संवाद

तुम जियो हजारों साल

अविनाश | शानवी | आद्या | शाम्भवी

अगर आपके 10 वर्ष तक के बच्चे का जन्मदिन कल है तो नाम व पते के साथ इसकी सूचना आज ही इसी मोबाइल नंबर 7617566162 पर शाम छह बजे तक हमें भेज दें। हम उसे निशुल्क प्रकाशित करेंगे।

अनिशा | शुभ | ईशा | त्रिशा



स्वेच्छा | नाव्या | नित्यांश

महापौर ने सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति देखी

पजावा रामलीला कमेटी के रामदल मार्ग का निरीक्षण करते मेयर। अमर उजाला

प्रयागराज। नवरात्र, दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व की तैयारी को लेकर महापौर गणेश केसरवानी ने बृहस्पतिवार को अतरसुइया क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सीएम ग्रिड के तहत चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति देखी और सभी आवश्यक कार्य दशहरा से पहले पूरे करने के लिए कहा। महापौर ने कहा कि सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जा रही हैं। इस दौरान स्थानीय पार्षद व नगर निगम अधिकारी मौजूद रहे। संवाद

रामलीला के कलाकार

रामलीला के मंच से फिल्मों तक पहुंचा राजवीर सिंह का सफर

प्रयागराज। बिहार निवासी राजवीर सिंह (26) चौथी बार भगवान राम की भूमिका निभाते दिखेंगे। लगातार दूसरी बार वह कटरा रामलीला में भगवान राम के पात्र के लिए चुने गए हैं। राजवीर छह वर्षों से थियेटर से जुड़े हैं।



राजवीर सिंह।

रामलीला से शुरू हुआ उनका सफर अब वेबसीरीज और फिल्मों तक पहुंच चुका है। राजवीर को वर्ष 2021 में पहली बार नैनी की रामलीला में भगवान राम का किरदार निभाने का अवसर मिला था। इसके बाद से वह लगातार रामलीला में इस भूमिका को निभाते आ रहे हैं। मंच पर भगवान राम के चरित्र को जीवंत करने के साथ ही वह अभिनय के क्षेत्र में अपने कॅरिअर को आगे बढ़ा रहे हैं। वर्ष 2016 में राजवीर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने प्रयागराज आए। बचपन से अभिनय के प्रति लगाव होने के कारण राजवीर ने रंगमंच के बारे में जानकारी जुटाई और धीरे-धीरे थियेटर से जुड़ गए। पिछले छह वर्षों में उन्होंने कई नाटकों में काम किया और मंच पर अपने अभिनय को निखारा। वर्ष 2022 में उन्हें निर्देशक तिग्मांशु धूलिया की वेब सीरीज गर्मी में पहली बार काम करने का मौका मिला। इसके बाद उनको पति पत्नी और वो में भी अभिनय करने का मौका मिला। संवाद

मंथन हॉस्पिटल में महिला के पेट से निकाला 19 किलो का ट्यूमर

व्यावसायिक गतिविधि

प्रयागराज (वि)। मंथन हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने एक महिला के पेट से लगभग 19 किलोग्राम का विशाल ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाला है। यह जटिल सर्जरी आयुष्मान योजना के तहत की गई, जिससे महिला को गंभीर परेशानी से राहत मिली। ट्यूमर के बड़े आकार के कारण महिला को कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। चिकित्सकीय जांच और आवश्यक परीक्षणों के बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने ऑपरेशन का निर्णय लिया। ऑपरेशन के दौरान ट्यूमर का अत्यधिक आकार और वजन एक बड़ी चुनौती थी। डॉ. आशीष पांडेय और उनकी टीम ने पूरी सावधानी और विशेषज्ञता के साथ यह जटिल सर्जरी की। ऑपरेशन के बाद मरीज को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि मरीज को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। चिकित्सकों का कहना है कि शरीर में लंबे समय तक किसी असामान्य सूजन को अनदेखा नहीं करना चाहिए। पेट का लगातार बढ़ना, दर्द या भारीपन जैसे लक्षण गंभीर समस्याओं का संकेत हो सकते हैं। समय पर जांच कराना महत्वपूर्ण है।

पद्मनाभस्वामी मंदिर की थीम पर सजेगा बाई का बाग का दुर्गा पूजा पंडाल

प्रयागराज। बाई का बाग दुर्गा पूजा बारवारी इस वर्ष अपने शताब्दी वर्ष को भव्य स्वरूप देने की तैयारी में जुटी है। शताब्दी वर्ष में पूजा पंडाल केरल के प्रसिद्ध पद्मनाभ स्वामी मंदिर की स्थापत्य शैली पर तैयार किया जा रहा है। कोलकाता से आए कारीगर करीब तीन महीने से दिन-रात पंडाल निर्माण में जुटे हैं। पूजा संयोजक एवं मीडिया प्रभारी लालू मित्तल और मयंक शुक्ला ने बताया कि पंडाल में मंदिर की भव्यता के साथ शयन मुद्रा में भगवान विष्णु के विराट स्वरूप को भी दर्शाया जाएगा। अध्यक्ष जयंत श्रीधर जोशी, कार्यकारी अध्यक्ष राजू द्विवेदी और टीपी मिश्रा तैयारी में जुटे हैं। संवाद

कीडगंज स्थित ज्ञान पुस्तकालय में बृहस्पतिवार को श्रीमद्भागवत कथा सुनतीं श्रद्धालु। अमर उजाला

कथा पितृ दोष की मुक्ति का मार्ग : बटुक महाराज

प्रयागराज। पितृपक्ष में भागवत कथा का श्रवण और पठन-पाठन पितरों की शांति और तृप्ति का माध्यम है। यह पितृ दोष से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। यह बातें पूज्य बटुक महाराज ने कीडगंज स्थित श्री ज्ञान पुस्तकालय के प्रांगण में प्राचीन श्री दधिकांदो मेला कमेटी कृष्णानगर त्रिवेणी मार्ग की ओर से चल रही भागवत कथा के द्वितीय दिवस कहीं। कथा में भीष्म प्रयाण, परीक्षित जन्म प्रसंग का वर्णन किया गया। इस दौरान भाजपा नेता अशोक सिंह राठौर, महापौर गणेश केसरवानी, पूर्व पार्षद सविता आदि रहे। ब्यूरो

अधिक खबरों के लिए amarujala.com

उजाला हाट

ADMISSION OPEN
IICS COLLEGE
We Educate the Mind For World
PYTHON FULL STACK WITH GEN AI
DATA ANALYTICS WITH PYTHON
MERN WITH AI INTEGRATION
'O' Level
BCA / MCA / BBA
PGDCA / MBA
टेगोर टाउन, सचान नर्सिंग होम के सामने, प्रयागराज
Mob:- 9335071182

बेकिंग से सेहत का स्वाद, ग्लूटेन फ्री उत्पादों की नई पहचान

प्रयागराज। स्वाद के साथ सेहत का ध्यान रखते हुए अशोक नगर निवासी अनाइशा मतानी (39) ने बेकिंग के हुनर को रोजगार का जरिया बनाया है। वह ग्लूटेन व शुगर-फ्री मिलेट्स से केक, कुकीज, ब्राउनी और बाइट्स तैयार कर रही हैं। करीब एक साल पहले उन्होंने इसकी शुरुआत की थी। अनाइशा बताती हैं कि सभी बेकरी उत्पाद ग्लूटेन और शुगर फ्री होते हैं। ज्यादातर ऑर्डर प्रदर्शनियों और फ्रेंड्स सर्कल के जरिये मिलते हैं। बेकरी उत्पादों के अलावा अनाइशा घर पर छोले मसाला, पाव भाजी मसाला, कढ़ाई पनीर मसाला, बिरयानी और नान प्री-मिक्स भी तैयार करती हैं।

अनाइशा मतानी।

वह डेट चॉकलेट केक, रागी चॉकलेट केक, वनीला मिलेट केक, चॉकलेट मिलेट केक, मावा मिलेट केक, पिस्ताचियो मिलेट केक, बनाना वॉलनट केक, आलमंड मिलेट केक, टूटी-फ्रूटी मिलेट केक और स्ट्रॉबेरी मिलेट केक तैयार किए जाते हैं। इसके अलावा ब्राउनी और बाइट्स में कॉर्न व मक्के की चिप्स जैसे उत्पाद भी शामिल हैं।

कुकीज में कई वैरायटी : अनाइशा मिलेट कुकीज के साथ चॉकलेट चंक मिलेट, कोकोनट न्यूट्री, आलमंड मिलेट, पिस्ताचियो मिलेट, फॉक्सटेल हेजलनट, लेमन ब्लूबेरी मिलेट, फिंगर मिलेट कार्डामोम, पर्ल मिलेट आलमंड जैसी कुकीज भी तैयार करती हैं। संवाद

बैंक ऑफ इण्डिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालयः "स्टार हाऊस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010, फोनः 0522–2721512

ई-नीलामी सूचना

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना नियम 9 (1) के तहत

यह ई–नीलामी बिक्री सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों की प्रतिभूतिकरण एवम् पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के अधीन बैंक के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए है। इस नोटिस के माध्यम से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (कर्ताओं) और ज़मानतकर्ता (कर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि बैंक मे बंधक अचल सम्पत्तियों जिनका विवरण नीचे दिया गया है तथा जिनका सांकेतिक/भौतिक कब्ज़ा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है को 'जैसा हैं, जहां है', 'जो हैं, जैसा है' तथा 'जो कुछ भी है, के आधार पर विक्रय की जायेगी।

ईएमडी / दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 26.10.2026 को सायं 05:00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि एवं समय 27.10.2026, प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

क्र. सं.	खातेदार/जमानतकर्ता का नाम एवं पता/बकाया राशि	अचल सम्पत्तियों का विवरण एवं कब्ज़ा की स्थिति	निर्धारित आरक्षित मूल्य/अग्रिम धनराशि (₹)
शाखाः आस्ति वसूली शाखा, वरिष्ठ प्रबन्धक, अमित कुमार यादव, मो0: 9415389015			
1.	1. मेसर्स आदर्श इंडस्ट्रीज,प्रोप्राईटरशिप फर्म, प्रोप. श्री अमित गुप्ता पुत्र स्व. श्री बांकेलाल गुप्ता के माध्यम से, पंजीकृत कार्यालय– 118 बी/2, जयंतिपुर, इलाहाबाद–212202 2. श्री अमित गुप्ता पुत्र स्व. श्री बांकेलाल गुप्ता, निवासी 218 सी/1, जयंतिपुर, सुलेम सराय, इलाहाबाद–211011 3. श्रीमती गीता गुप्ता पत्नी स्व. श्री बांकेलाल गुप्ता, निवासी 218 सी/1, जयंतिपुर, सुलेम सराय, इलाहाबाद–211011 मांग सूचना की तिथिः 04.07.2017, बकाया धनराशिः ₹69,26,064.82 +ब्याज एवं अन्य खर्चे	1) सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित मकान संख्या 180/1/ज़ेड, बिचले का पुरवा, आराजी संख्या 360 के भाग पर निर्मित, मौजा गयासुद्दीनपुर, सदर, इलाहाबाद, स्वामिनी श्रीमती गीता गुप्ता पत्नी स्व. श्री बांकेलाल गुप्ता, क्षेत्रफल 342.00 वर्ग मीटर, चौहद्दीः–पूर्वः गोपाल जी की भूमि एवं रास्ता, पश्चिमः अमृत लाल भाईलाल की भूमि, उत्तरः अजोरिया आदि का प्लॉट, जो कि आराजी संख्या 360 का भाग है, तत्पश्चात गोपाल एवं अन्य का खेत, दक्षिणः विक्रेता की आराजी भूमि का आंशिक भाग, तत्पश्चात लालजी फूलन का मकान 2) सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित मकान संख्या 180/1/1ज़ेड, बिचले का पुरवा, आराजी संख्या 360 के भाग पर निर्मित, मौजा गयासुद्दीनपुर, सदर, इलाहाबाद, स्वामिनी श्रीमती गीता गुप्ता पत्नी स्व. श्री बांकेलाल गुप्ता, क्षेत्रफल 228.48 वर्ग मीटर, चौहद्दीः–पूर्वः 10 फीट रास्ता, तत्पश्चात गोपाल की भूमि, पश्चिमः अमृत लाल भाईलाल की भूमि, उत्तरः क्रेता का प्लॉट, दक्षिणः बदायूं लाल एवं फूलन का मकान (कब्जा–सांकेतिक)	₹ 34,65,000/– ₹ 3,46,500/–

नियम एवं शर्तेः बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तो के लिए, कृपया सुरक्षित क्रेडिटर के वेब पोर्टल पर दिए गए लिंक को देखें i.e.https://www.bankofindia.bank.in, https://baanknet.com अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित एजीएम/मुख्य प्रबंधक / शाखा प्रबंधक को ऊपर दी गई शाखाओं व उनके फोन नम्बर पर सम्पर्क करें। नोट–न्यूनतम स्वीकार्य बोली आरक्षित मूल्य (आरपी) से रू. 10,000/– उपर होगी।

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), नियम 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना

दिनांकः 27.09.2026 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया

अमर उजाला क्लासीफाइड

विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें
बुकिंग टाइम : सुबह 9 बजे से सांय 5:30 बजे तक
www.easyconnect.amarujala.com/classifiedonline
1800-121-1166

Objectionable ads? Complain to ASCI 7710012345 www.ascionline.in

आवश्यकता है

फिल्म

HARRAA Film सिनेमाघरों में रिलीजिंग के बाद हमारी अगली फिल्म/ सीरियल/ वेब-सीरीज में एक्टिंग हेतु चाहिए नये कलाकार लड़के-लड़कियाँ/ डांसर सम्पर्क JK Films India 9889896486

सामान्य

बहुत ही कम ब्याज दरो पर लोन लेने, कराने हेतु एजेंट, एरिया मैनेजर की आवश्यकता, फाइनेंस कंपनी को आपके अपने शहर में- 28,500-32,500+ कमीशन- 6399499090

टीचर्स/शिक्षक

Urgent Hiring- Infinity International School, Kohdar, Meja, Prayagraj. Required- Hindi, Science, Sanskrit (Upto Class 8th) & Pre- Primary Teachers. C.B.S.E. experience preferred. Immediate joining. Send CV- 7355452729, 9194220032, 9936600521

बिकाऊ

भूमि/भूखंड

प्रयागराज (नैनी मिर्जापुर मेन रोड) में यूपीसीडा लीज होल्ड प्लॉट उद्योग एवं उसके गोदाम हेतु, एरिया 5200/7000 वर्गमीटर। तुरंत कब्जा एवं रजिस्ट्री। संपर्क- 9807104500

मेडिकल

सैक्स संबंधी

शीघ्रपतन सेक्स समस्याऐं अंग का छोटापन
शर्म संकोच चिंता छोड़ें मिलें या फोन कर परामर्श लें
hashmi.com निल्शुक्राणु संतानहीनता के लिए अवश्य सलाह लें
स्थापित 1929
हाशमी दवाखाना अमरोहा–UP
9997782987
9045933295

सूचना

व्यक्तिगत

मेरे पुत्र तनिष्क ओझा के स्कूल रिकार्ड (वाई.एम.सी.ए.) में उसकी जन्मतिथि- 16-06-2015 दर्ज है जबकि उसकी वास्तविक व सही जन्मतिथि- 16-10-2015 है। सही जन्मतिथि स्कूल रिकार्ड में दर्ज की जाए। सुशील कुमार ओझा पुत्र स्व. गुप्तेश्वर ओझा निवासी- 25ए, झलवा, प्रयागराज।

अमर उजाला
क्योंकि सच मायने रखता है
अमर उजाला
22 संस्करण • 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जाँच पडताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापन दाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़ें। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

वर्गीकृत विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें 7617705556